सेंट एंड्रयूज़ स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपड़गंज,दिल्ली – ११००९२

सत्र: २०२६-२७

कक्षा:पाँचवीं	विषय:हिंदी व्याकरण	पाठ:काल

परिभाषा:- क्रिया के जिस रुप से उसके होने या करने के समय का पता चलता है, उसे काल कहते हैं।

काल के भेद:- काल के तीन भेद होते हैं।

१.भूतकाल

२.वर्तमान काल

३.भविष्यत काल

१.भूतकाल:- क्रिया के जिस रुप से उसके बीते हुए समय में होने का पता चले, उसे भूतकाल कहते हैं।

उदाहरण:- क) कनिष्ठा बाजार से खिलौने लाई थी।

ख) गौरव ने केला खाया था।

२. वर्तमान काल:- क्रिया के जिस रुप से यह पता चले कि क्रिया अभी हो रही है ,उसे वर्तमान काल कहते हैं।

उदाहरण:- क) अक्षत साइकिल चला रहा है।

ख) भव्य नाच रही है।

३.भविष्य काल :- क्रिया के जिस रूप से उसके आने वाले समय में होने का पता चले, उसे भविष्य काल कहते हैं।

- उदाहरण: क) नमन आइसक्रीम खाएगा।

ख) सनाया विद्यालय जाएगी ।